03/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में 8वें विजिटर्स अवॉर्ड प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के कई शैक्षणिक संस्थानों में वैश्विक ब्रांड वैल्यू हासिल करने की क्षमता है। उन्होंने देश में अनुसंधान को और बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नए कदम उठाने का भी आग्रह किया।

0000000000000000000

आज विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन **वन्यजीव** और पौधों के संरक्षण के लिए मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने देश में वन्यजीव संरक्षण के लिए कई पहल की हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से कई नीतियों, विधायी उपायों और पहलों की एक व्यापक रूपरेखा बनाई है।

000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन्यजीव प्रबंधन में सहयोग के लिए पारंपरिक ज्ञान और एआई के अधिक उपयोग का आह्वान किया है। उन्होंने BISAG-N और भारतीय वन सर्वेक्षण के साथ मिलकर जंगल की आग और वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन के लिए एआई, मशीन लर्निंग और भू-स्थानिक मानचित्रण के उपयोग पर भी जोर दिया।

विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर आज जूनागढ़ जिले के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 7वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने इन क्षेत्रों में स्थानीय आबादी और ग्रामीणों की भागीदारी के माध्यम से डॉल्फिन संरक्षण के बारे में जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर, इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर गर्व भी व्यक्त किया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने ग्रह को असाधारण बनाने वाली समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण में सभी के समर्पण की अपील की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने ने लिखा, इकोलॉजिकल बैलेंस बनाए रखने में प्रत्येक जीवित प्राणी की एक अनूठी भूमिका है- भविष्य के लिए उनके अस्तित्व को सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी के लिए एक स्थायी और संपन्न ग्रह की दिशा में काम करना जारी रखें। यह दिन **वन्यजीव** और पौधों के संरक्षण के लिए मनाया जाता है। इस बीच, विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर आज आई. जी. पार्क में यूथ मिशन फॉर क्लीन रिवर और मिस आपसू ओर्गेनाईजिंग टीम द्वारा ईटानगर स्मार्ट सिटी के सहयोग से संयुक्त सफाई अभियान चलाया

गया। ग्रीन टीम ने क्षेत्र से लगभग 1,700 किलोग्राम कचरा साफ किया। इस बीच, वाई.एम.सी.आर. संयोजक कांकू काबाक ने ग्रीन टीम के उत्साहपूर्ण भागीदारी और पर्यावरण चेतना को प्राथमिकता देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने गामजुम लाये को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी है। श्री खांडू ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि गामजुम को एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम के माध्यम से भारतीय सेना में एक अधिकारी के रूप में चुना गया है। उन्होंने कहा कि गामजुम की लगन, दृढ़ता और अटूट भावना की वजह से उन्हें अखिल भारतीय मेरिट लीस्ट पचासवां रैंक प्राप्त हुआ। गामजुम लाये लेपरादा जिले के सिरू गाँव के मूल निवासी हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल जीआई महोत्सव 2025 नई दिल्ली में आज संपन्न हुआ। पर्यटन मंत्री पासांग दोरजी सोना ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि यह महोत्सव अरुणाचल की समृद्ध विरासत, स्वदेशी शिल्प कौशल और अद्‌वितीय जीआई उत्पादों के सार का उत्सव है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सोना ने कहा, यह राज्य की सांस्कृतिक और उद्‌यमशीलता की भावना को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने वाली एक समृद्ध यात्रा रही है।

इस बीच, मंत्री ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के लिए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन का आभार व्यक्त किया साथ ही सभी कारीगरों, उद्यमियों और सांस्कृतिक कलाकारों की भी सराहना की। यह ऐतिहासिक आयोजन अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, शिल्प कौशल और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

0000000000000000000

राष्ट्रीय रक्षा यूनिर्वसिटी द्वारा पासीघाट में नए आपराधिक कानूनों और जेल कल्याण पर 14 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हुआ। नई दिल्ली स्थित पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जेल अधिकारियों को नए आपराधिक कानूनों एवं जेल प्रशासन और कल्याण के लिए व्यापक समझ प्रदान करना है। राज्य के अलावा अन्य पूर्वोत्तर राज्यों एवं दक्षिण भारतीय राज्यों से भी विभिन्न रैंकों के लगभग 30 जेल अधिकारी पहले चरण के प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। विश्वविद्यालय वर्तमान में केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन संचालित है।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के पापुम पारे, सियांग, लोअर दिबांग वैली, आंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग और तिराप जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

0000000000000000000